खबर संक्षेप

## निःक्षय अभियान शासन की प्राथमिकता का विषय-श्रेयांश कूमट

**मण्डला।** जिला योजना भवन में जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक का आयोजन किया गया। स्वास्थ्य संबंधी विषयों की समीक्षा करते हुए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि निःक्षय अभियान शासन की प्राथमिकता का विषय है, सभी इसे गंभीरता से लें। निःक्षय पोर्टल पर चेस्ट एक्स-रे की प्रतिदिन एंट्री करें। एंट्री के काम में किसी प्रकार का गेप नहीं होना चाहिए। वर्तमान में किए गए चेस्ट एक्स-रे की शेष एंट्री आगामी 2 दिवस में शतप्रतिशत पूर्ण करें। उन्होंने समस्त बीएमओ को निर्देशित किया कि स्क्रीनिंग, अवेयरनेस एवं ट्रीटमेंट तीनों स्तर पर सघन मॉनिटरिंग करें। नेत्र ज्योति अभियान की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि जहाँ स्कूली बच्चे छूट गए हैं, वहां विशेष शिविर लगाएं। साथ ही साथ सामुदायिक संस्थाओं के साथ समन्वय कर स्पेशल ईवेंट आयोजन कर इसकी गति तेज करें। सिकल सेल की टेस्टिंग में तेजी लाएं। जिन विकासखंडों में टेस्टिंग की प्रगति कम है वहाँ सीएचओ लेवल पर इसकी कार्ययोजना तैयार कर उसके अनुसार कार्य करें। आयुष्मान के संबंध में उन्होंने कहा कि जहां आधार का ईश्यू है वहां पर आधार के विशेष कैम्प लगाकर इसे निराकृत करें। 70 प्लस में किसी तरह की कोई पात्रता शर्त नहीं है। इसलिए जो भी बुजुर्ग शेष रह गए हैं उनके शतप्रतिशत आयुष्मान कार्ड बनाया जाना सुनिश्चित करें। बैठक के दौरान सीईओ ने कहा कि एएनसी रजिस्ट्रेशन पर फोकस करें। रजिस्ट्रेशन उपरांत समयानुसार एएनसी चेकअप कराएं। एनीमिक मरीजों का फॉलोअप करें। मातृ एवं शिशु मृत्यु दर के विषय में उन्होंने निर्देशित किया कि इसका डेटा मासिक आधार पर एनालिसिस करें तथा जिस माह में मृत्यु दर अधिक है उसके लिए पृथक से कार्ययोजना बनाएं। दस्तक 2.0 अभियान 18 फरवरी से प्रारंभ हो चुका है, विशेष प्रयास कर इस अभियान को सफल बनाएं। इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. केसी सरौते, सीएस डॉ. विजय धुर्वे, समस्त बीएमओ, बीपीएम, बीसी सहित संबंधित उपस्थित थे।

स्थानीय को प्रताड़ना और बाहरी के आगे साष्टांग

# हमारे प्रशासन का अनोखा रवैया

*** मीडिया की भूमिका भी संदेह के घेरे में।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



बाहर से आये अधिकारी हों या फिर बाहर के व्यापारी सभी माँ नर्मदा की इस नगरी में खुशहाल और मालामाल रहे हैं स्थानीय प्रशासन हो अथवा यहां के लोग हमेंशा से बाहर के लोगों का सम्मान के साथ सहयोग करते रहे हैं शायद ही कोई ऐसा बड़ा अधिकारी रहा हो जिसने स्वयं इस जिले को छोड़कर जाने का प्रयास किया हो अन्यथा जो यहां आया यहां का ही बनकर रहना चाहा। दुख तो वहां होता है जब हमारा कोई स्थानीय कुछ प्रयास कर आगे बढ़ना चाहता है या फिर आर्थिक रूप से समृद्ध होना चाहता है तो फिर सभी मिलकर उसके सामने इस तरह का प्रतिरोध करते नजर आते हैं जैसे उसने कोई अपराध का प्रयास किया हो।

ऊपर लिखी बात को रेत के कारोबार से अच्छी तरह समझा जा सकता है जब भी यहां के स्थानीय कारोबारियों या ठेकेदारों ने रेत खादान के संचालन का जिम्मा लिया तब-तब उन पर दुनिया भर के नियम कानूनों को लाद दिया गया उसे कदम-कदम पर डराया धमकाया भी गया कहने का आशय कि प्रताड़ित करने की हर तरह की रस्म निभाई गई और इस प्रताड़ना में प्रशासन ही नहीं हमारे सामाजिक संगठनों के लोग हमरे राजनैतिक क्षेत्र के जिम्मेदार एवं मीडिया के बंधु भी शामिल रहे हैं।

लेकिन जब-जब बाहर के किसी व्यक्ति ने या फिर समूह ने इस कारोबार को अपने हाथों में लिया तो फिर न केवल प्रशासन बल्कि शासन के प्रतिनिधियों ने तो जैसे उनके सामने सारी सुविधायें और सहयोग परस कर रख दिया। कुछ समय पूर्व एक कंपनी ने रेत उत्खनन का टेण्डर लिया तो उस पर शासन-प्रशासन सभी ऐसे न्यौछावर हुये जैसे वह इन सबका बहुत चहेता हो। उस कंपनी को किसी भी रेत खदान से रेत उत्खनन की अघोषित अनुमति प्रदान की गई कंपनी ने जहां चाहा वहां से रेत उत्खनन की और जहां चाहा वहां भण्डारण किया। फिर चाहे वह जगह शासकीय हो अथवा वन विभाग की या फिर किसी की निजी भूमि सभी पर रेत के पहाड़ बना दिये। जो खदानें नीलामी में शामिल नहीं थे वहां से भी अपने निजी गुर्गो को बैठाकर रेत उत्खनन कराया गया और स्थानीय ट्रेक्टर संचालकों एवं उपभोक्ताओं मनमाने दामों पर बेचा गया।

अब एक बार पुनः पिछले कुछ समय से रेत के कारोबार में एक बाहर की कंपनी का बोलबाला है इस कंपनी के सामने किसी तरह के नियम एवं कानूनों की कोई बंदिश नहीं है जिस खदान से जैसा चाहते हैं उत्खनन कर रहे है जहां तक चाहते हैं वहां तक रेत निकाल रहे हैं इनके लिये खदान की कोई सीमा भी मायने नहीं रखती और तो और नर्मदा नदी के अंदर मशीनों के माध्यम से रेत उत्खनन कर रहे हैं नर्मदा नदी के अंदर हजारों ट्राली मिट्टी-मुर्रम डालकर बड़े-बड़े रास्ते भी बना दिये हैं जिनसे नर्मदा नदी का प्रवाह भी अवरूद्ध हो रहा है कंपनी के गुर्गो द्वारा स्थानीय ग्रामीणों को डरा-धमकाकर जहां से मन होता है वहां से बड़े-बड़े हाईवा वाहन रेत से भरे निकाले जा रहे हैं।

गीली रेत का लगातार परिवहन किया जा रहा है इस तरह की और भी मनमानी की जा रही है लेकिन खनिज विभाग इनके किसी कामों में कोई दखल नहीं देता क्योंकि यदि दखल देगा तो फिर हमारी जो संस्कृति है बाहर के लोगों को संरक्षण देने की वह प्रभावित होगी लिहाजा खनिज विभाग लगातार सहयोग की रीति निभा रहा है पिछले काफी समय से यह सिलसिला बदस्तूर जारी है कुछ दिन पूर्व स्थानीय ग्रामीणों ने अवश्य इसका विरोध किया था लेकिन उन्हें भी हमारे प्रशासन द्वारा समझा दिया गया है अब वे लोग भी सहयोग करने मजबूर हैं। मीडिया के साथी गण भी फिर चाहे वे प्रिंट मीडिया के हों या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के या फिर यू ट्यूवर ये सब भी इसी संस्कृति का अनुशरण कर रहे हैं लिहाजा मीडिया में भी इस कंपनी के द्वारा की जा रही नियमों की अनदेखी की कहीं कोई खबर नहीं है।






हमारे स्थानीय नर्मदा भक्त भी इसी रीति-नीति का पालन कर रहे हैं वे सभी अपने-अपने स्तर से नर्मदा भक्ति में दिन रात तो लगे हुये हैं लेकिन जहां साक्षात माँ नर्मदा के स्वरूप के साथ कंपनी द्वारा छेड़छाड़ की जा रही है उस पर ये न तो बोलना पसंद करते हँ और न ही प्रतिरोध करने की बात ही कही जा रही है। और तो और समाज के लोगों की अगुवाई करने वाले उन्हें रास्ता दिखाने वाले संत समाज भी इस ओर इसी तरह का विवाद नहीं चाहता यही कारण है कि बाहर से आये कंपनी के लोग यहां की मेहमान नबाजी का भरपूर मजा उठाते हुये न केवल माल कमा रहे हैं बल्कि हमारी संस्कृति और विरासत के साथ घिनौना मजाक भी कर रहे हैं अब तो यही देखना है कि माँ नर्मदा कैसा और कब न्याय करती है।

## बालिकाओं को आकाशवाणी केन्द्र का भ्रमण कराया गया

**मण्डला।** बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत जनवरी 2025 से दिसम्बर 2025 तक कार्ययोजना हेतु वार्षिक कैलेण्डर साशन के द्वारा जारी किया गया है, जिसमें योजना का मुख्य लक्ष्य बालिकाओं को शिक्षित करना है। इसी तारतम्य में माह फरवरी 2025 में नामांकन शुरू होने से पहले जागरूकता के लिए अवसर की सही पहचान कैसे की जाये इसी विषय को लेकर स्कूल छोड़ने वाली छात्राओं को स्कूल से जोड़ने की कोशिश की जा रही है ताकि उनकी शिक्षा का स्तर ऊंचा उठ सके। शुरूआत हेतु बिछिया की आवाज संस्था द्वारा बालिकाओं को भ्रमण हेतु मण्डला लाया गया, वन स्टॉप सेंटर प्रशासक मधुलिका उपाध्याय द्वारा उन्हे आकाशवाणी में भ्रमण करवाया गया। साथ ही इससे संबंधित कैरियर अपनाने हेतु उन्हें जानकारी दी गई, उनकी कैरियर काउंसलिंग भी की गई। आकाशवाणी मण्डला में साईबर सुरक्षा के प्रति बालिकाओं को कार्यशाला आयोजित कर साईबर हेल्पलाईन नंबर 1930 के बारे में पुलिस उप निरीक्षक (रेडियो मण्डला) शिव नारायण उपाध्याय द्वारा विस्तृत जानकारी दी गई। उक्त कार्यक्रम में आकाशवाणी मण्डला के नोडल कार्यक्रम अधिकारी शुभम तिवारी, अभियंता सहायक एस.एम. सैयाम, एम.के. कोरी. जी.पी. साहू और वीरेन्द्र कुमार आहूजा द्वारा आकाशवाणी के विभागों के बारे में जानकारी दी गई। कार्यक्रम किस प्रकार संचालित, प्रसारित किये जाते हैं जानकारी दी गई।

## दूरस्थ अंचल से आई महिलाओं-बालिकाओं हेतु जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**मण्डला।** वन स्टॉप सेंटर (सखी) मण्डला में दूरस्थ अंचल से आई महिलाओं-बालिकाओं को भ्रमण करवाया गया। वन स्टॉप सेंटर में आगंतुकों का पंजीयन किस प्रकार किया जाता है एवं सपूर्ण कार्यप्रणाली से अवगत कराया गया। हितग्राहियों को किस प्रकार की सुविधायें दी जाती है इसके बारे में महिलाओं/बालिकाओं को समझाया गया। इसके अलाया वन स्टॉप सेंटर पर ही साईबर सुरक्षा के बारे में पुलिस उप निरीक्षक शिव नारायण उपाध्याय (रेडियो मण्डला) द्वारा जानकारी दी गई। महिलाओं/बालिकाओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों का समाधान किया गया। बताया गया कि किसी भी अनजान लिंक को कभी टच न करें, प्ले स्टोर से ही ऐप को डाउनलोड करें। यदि किसी के पास कोई भी ऐसा कॉल आता है जो अनभिज्ञ नंबर से हो तो उससे अपनी व्यक्तिगत जानकारी कभी साझा न करें। यदि अनजाने में कोई भूल हो गई हो और सामने वाला व्यक्ति ब्लैक मेल करने की कोशिश कर रहा हो तो तत्काल निकटतम पुलिस थाने में सूचना दें या फिर 1930 साईबर हेल्पलाईन पर अपनी रिपोर्ट दर्ज कराये। सुरक्षित रह कर ही हम स्वयं का और अपने परिवार एवं समाज का कल्याण कर सकते हैं। प्रशासक मधुलिका उपाध्याय द्वारा महिलाओं/बालिकाओं को पीसीपी एनडी.टी एक्ट से अवगत कराया गया जिसमें विभिन्न सोनोग्राफी सेंटर के प्रति जागरूक रहकर लिंग जांच से बचने के बारे में बताया गया। इसके अलावा गर्भधारण पूर्व और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम पर भी विस्तृत जानकारी दी गई। यदि कोई लिंग जांच करवाता है तो वह कानूनी अपराध है इसके अलवा लिंग के बारे में भ्रूण रूप में ही किसी के द्वारा जानकारी दी जा रही है तो यह भी कानूनी जुर्म है ऐसे में जुर्माना और सजा के प्रावधान के बारे में अवगत कराया गया।

## अत्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रषिक्षण कार्यक्रम का आयोजन



**बम्हनीबंजर।** शासकीय कला महाविद्यालय बम्हनी बंजर में स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के अंतर्गत उच्च शिक्षा विभाग मध्यप्रदेश शासन के द्वारा आयोजित अत्पावधि रोजगारोन्मुखी प्रषिक्षण कार्यक्रम का आयोजन प्राचार्य डॉ0 श्रीमती करुणा नेमा की अध्यक्षता में उद्यमिता विकास केंद्र मध्यप्रदेश (सेडमेप) भोपाल के तत्वाधान में किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ प्रशिक्षक श्री एस.के.शर्मा सेडमेप मंडला के द्वारा किया गया। जिसमें विद्यार्थियों को प्रशिक्षण की रूपरेखा बतायी गई। छात्रों को व्यक्तित्व विकास, संप्रेषण कला एवं कम्प्यूटर स्किल पर प्रशिक्षित किया जाएगा। जिससे विद्यार्थी लाभ लेकर अपना करियर निर्माण कर सकेगे। कॅरियर प्रशिक्षण प्लेसमेंट अधिकारी डॉ0 श्रीमती कुन्ती वराठे ने 17 फरवरी 2025 से 12 मार्च 2025 तक आयोजित कॅरियर प्रशिक्षण में भाग लेने वाले सभी विद्यार्थियों से प्रशिक्षण में उपस्थित रहकर कॅरियर निर्माण हेतु प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में क्रीडा अधिकारी डॉ.विवेक कुमार जायसवाल, एस.पी.झारिया, डॉ. श्रीमती कुन्ती वराठे डॉ.रिंयका पटैल, डॉ.रंजीत कुमार भालेकर, मनीष कुमार लाजेवार, विकास कुमार नंदा, सारिका चौरसिया, साक्षी चन्द्रौल, नंदनी चक्रवर्ती, श्रीमति सुनैना सिंह, भानू प्रताप सिंह ठाकुर, सुषील कुमार नाविक, शरद कुमार रधुवंषी, दुखीलाल डागौर, ओमप्रकाष झारिया एवं छात्र/छात्रायें उपस्थित है।

**समस्या** | **ठेकेदार द्वारा पुरानी सड़क तोड़ी गई।**

# टिकरिया से चुटका मार्ग न बनने पर आंदोलन की धमकी



*** 10 से 12 ग्रामों के लोगों को हो रही परेशानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज

नारायणगंज जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाठक के ग्राम चुटका जहां पर परमाणु बिजली घर बना है वहां से टिकरिया तक की रोड ठेकेदारों द्वारा उखाड़ कर अलग कर दी गई जिसके कारण करीबन 10 से 12 पंचायत है प्रभावित हो रही हैं और आने-जाने में उन्हें मुश्किल का सामना करना पड़ रहा है इस संबंध में स्थानीय लोगों ने माननीय मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा है कि बरगी बांध रानी अवंती बाई जलाशय के जल भराव से सैकड़ो गांव की जनता विस्थापित एवं प्रभावित होकर मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं यह बात शासन प्रशासन के लोगों को भी जानकारी है बरगी बांध से विस्थापित एवं प्रभावित जनता अपनी पुश्तैनी पूर्वजों की बसाहट को छोड़कर जंगल बिहाण में बसे हुए हैं यह बात बरगी बांध से जुड़े शासन प्रशासन के लोगों को भी भली भांति ज्ञात है बरगी बांध का निर्माण विकास के नाम पर हुआ लेकिन बरगी बांध से विस्थापित एवं प्रभावित जनता का विनाश ही हुआ है जिसका दुष्परिणाम है कि विस्थापित एवं प्रवाहित जनता को बाजार है विकासखंड तहसील एवं जिला मुख्यालय पहुंचने के लिए सड़क मार्ग तक नहीं है यदि है भी तो सड़क मार्ग बरसों से जर्जर हालत में हैचुटका परमाणु बिजली उत्पादन संयंत्र योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण कर विगत दो तीन वर्षों से निर्माणधिन सड़क जर्जर हालत में है जिसके कारण बरगी बांध से विस्थापित एवं प्रभावित जनता की बजारहट विकासखंड तहसील जिला मुख्यालय आने-जाने में क्षेत्र वासियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है बरगी पुनर्वास आयोग बना उसमें अधिकारी कर्मचारी नेता एवं विस्थापित प्रवाहित जनता को आज भी मूलभूत सुविधाओं से वंचित है अतः बरगी बांध विस्थापित एवं प्रभावित जनता इस ज्ञापन के माध्यम से शासन प्रशासन को ज्ञात करती है कि 31 मार्च 2025 तक टिकरिया से छुटकारा निर्माण दिन सड़क का निर्माण कर पूरा नहीं किया जाता क्षेत्र की जनता एवं आसपास के पंचायत की जनता आंदोलन के लिए बात होगी जिसकी संपूर्ण जवाबदारी शासन प्रशासन की होगी।

# विद्यालय में दशमी के छात्रों का विदाई आशीर्वाद समारोह सम्पन्न




हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/भुआबिछिया

मण्डला नगर के सरस्वती उच्च माध्यमिक विद्यालय भुआबिछिया के मंगल भवन सभा कक्ष में कक्षा-दशम के छात्रों का आशीर्वाद समारोह कक्षा-नवम के छात्र -छात्राओ के द्वारा आयोजित किया गया। कक्षा दसवीं के विद्यार्थियों को भावभीनी विदाई दी गई। कार्यक्रम की शुभारंभ अतिथियों ने माँ सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्जवलित कर किया। मुख्य अतिथि विद्यालय के पालक अधिकारी चन्द्र प्रकाश वर्मा, व्यवस्थापक किशोरी लाल साहू, पूर्व मंडी अध्यक्ष सुनील नामदेव, कोषाध्यक्ष राजेन्द्र साहू एवं आचार्य परिवार की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कक्षा-दशम के छात्र-छात्राओ ने अपना अनुभव कथन सांझा किया। विद्यार्थियों ने विद्यालय की शिक्षा और संस्कार को सर्वोपरि सिद्ध किया उन्होंने विद्यालय के सभी शिक्षकों द्वारा किए गए मार्गदर्शन के लिए उनका आभार प्रकट किया। इस अवसर पर प्राचार्य लक्ष्मीनारायण मिश्र द्वारा छात्रों को उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम के लिए प्रेरित किया गया। आभार किशोर भारती अध्यक्ष कुलदीप यादव एवं कार्यक्रम का सफल संचालन आयुषी मिश्रा, नियती राजपूत ने किया। कार्यक्रम समापन सह भोज से हुआ।

**खबर संक्षेप**

## समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसान पंजीयन 31 मार्च तक, गाडरवारा में इन पंजीयन केन्द्रों को किया निर्धारित




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार रबी विपणन वर्ष 2025-26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसान पंजीयन का कार्य 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा। इसके लिए उत्पादित फसल गेहूं के पूंजीयन का कार्य करने के लिए जिला कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले में 67 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। वही गाडरवारा क्षेत्र के लिये जिन केन्द्रो का निर्धारण किया गया है उसमें गाडरवारा तहसील के अंतर्गत पंजीयन केन्द्र सहकारी विपणन संस्था मर्यादित खुलरी हेतु विपणन सहकारी समिति मर्यादित खुलरी को पंजीयन स्थल, पंजीयन केन्द्र सहकारी विपणन संस्था मर्यादित गाडरवारा हेतु विपणन सहकारी समिति मर्यादित गाडरवारा को पंजीयन स्थल, पंजीयन केन्द्र वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था गाडरवारा हेतु वृहताकार सेवा सहकारी संस्था गाडरवारा को पंजीयन स्थल, पंजीयन केन्द्र सेवा सहकारी संस्था कामती, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था गोटीटोरिया, सेवा सहकारी संस्था चीचली, सेवा सहकारी संस्था सीरेगांव, सेवा सहकारी संस्था बाबईकलां, सेवा सहकारी संस्था पचामा, वृहता सेवा सहकारी संस्था करपगांव को पंजीयन स्थान, पंजीयन केन्द्र सेवा सहकारी समिति मारेगांव हेतु सेवा सहकारी समिति मारेगांव केन्द्र क्रमांक एक को पंजीयन स्थान, पंजीयन केन्द्र प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित बोहानी, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित चिर्रिया, सेवा सहकारी संस्था कौड़िया, सेवा सहकारी समिति सहावन, सेवा सहकारी समिति मर्यादित डुंगरिया, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सूरना, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित हर्रई- गाडरवारा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित शाहपुर- गाडरवारा, सेवा सहकारी समिति मर्यादित सिल्हैटी और सेवा सहकारी समिति मर्यादित इमझिरी को पंजीयन स्थल बनाया गया है। इसी प्रकार से सांईखेड़ा तहसील के अंतर्गत पंजीयन केन्द्र सेवा सहकारी संस्था खुर्सीपार, सेवा सहकारी संस्था आड़ेगांव, सेवा सहकारी संस्था रमपुरा, सेवा सहकारी संस्था बनवारी, सेवा सहकारी संस्था तूमड़ा, सेवा सहकारी संस्था सासबहू, सेवा सहकारी संस्था नांदनेर, सेवा सहकारी समिति पीपरपानी और सेवा सहकारी समिति मर्यादित मडगुला को पंजीयन स्थल बनाया गया है। उक्त संस्थाएं गेहूं उपार्जन के लिए शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप किसान पंजीयन का कार्य करेंगी तथा किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर आवश्यक व्यवस्थाएं किया जाना सुनिश्चित करेंगी।

## दिन के समय नगर के अंदर भारी वाहनों के प्रवेश से बन रही जाम की स्थिति



**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** महॅगी कारों मे घूमने प्रशासनिक अधिकारी लाख दावा करें कि शहर की यातायात व्यवस्था मे पूर्वापेक्षा सुधार हो रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि यहॉ की यातायात व्यवस्था अराजक है, जिसे पटरी पर लाने की पहले की गयी कवायद बेअसर साबित हुई है? शहर मे वाहनों की अधिकता के बावजूद जन सुरक्षा की जवाबदारी निभाने वाला विभाग अनियंत्रित गति से दिन रात धमा चौकडी करने वाली उन भारी भरकम ट्रकों पर ध्यान नही दे रहा है जो सारेआम सड़कों पर मौत का सायरन बजाकर असुरक्षा का माहौल निर्मित कर शहरवासियों को चिन्ता मे डाल रहे है? शहर की मुख्य सडकों पर धडल्लें से दौड़ रहे भारी भरकम ट्रक चालकों की हिमाकत के सामने लगता है कि यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाने का ढोल पीटने वाले बौने साबित हो रहे है, जिसका परिणाम है कि शहर मे आवागमन जोखिम भरा होता जा रहा है। यदि देखा जावे तो इस समय समूचें शहर मे ट्रकों का कोलाहलल, तेज ध्वनियॉ गॅूजने से शहरवासियों के सब्र का बांध टूट रहा है और भारी भरकम ट्रकों का नगर में प्रवेश करने पर नो एन्ट्री टाइम निश्चित होने के बाद भी उनका नगर में प्रवेश करना पुलिस प्रशासन की कार्य प्रणाली पर सबाल खडे कर रहा है? लोगों का कहना है कि जब नगर में भारी वाहनों के प्रवेश को लेकर नो एन्ट्री लागू करते हुए नगर में प्रवेश करने वाले स्थलों पर वोर्ड स्थापित करते हुए समय निश्चित कर दिया गया है। मगर इसके बाद भी नगर धडल्ले से भारी वाहनों का प्रवेश होना पुलिस प्रशासन की उदासीनता का प्रमाण है?

# शिवरात्रि के अवसर पर शक्कर नदी में लगने वाले मेले का आज होगा शुभारंभ, नगर पालिका अध्यक्ष सहित प्रशासनिक अधिकारियों की देखरेख में मेला स्थल को दिया जा रहा भव्य स्वरूप









**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**

नगर के समीपस्थ व शक्क नदी के तट पर स्थित शिवधाम डमरूघाटी में महाशिवरात्रि के अवसर पर प्रतिवर्ष लगने वाले मेले में नगर सहित क्षेत्र के गांवों से हजारों की संख्या में जिस प्रकार से जन सैलाब उमड़ते हुये देखा जाता है उसके चलते हर वर्ष स्थिति इस प्रकार से निर्मित हो जाती थी कि प्रशासन द्वारा जहां व्यवस्था बनाने में अपना पसीना बहाने के लिये मजबूर होना पड़ जाता है। वही दूसरी ओर शिवधाम डमरूघाटी पर लगने वाले इस मेले में पहुंचने वालों की भीड़ का परिणाम इस प्रकार से बन जाता था कि नगर के शक्कर नदी पुल पर दिन भी जनता के दबाव के चलते जाम की स्थिति बनी रहती थी। इसी बात को ध्यान में रखते हुये बीते हुये कुछ वर्षो से प्रशासन द्वारा शिवरात्रि पर लगने वाले मेले की जगह में परिवर्तन करते हुये शक्कर नदी की रेत में लगवाने का निर्णय लिया गया था जिसके चलते यहां पर प्रथम वर्ष 2020 में मेले का आयोजन तत्कालीन अनुविभागीय अधिकारी राजेश शाह की पहल पर हुआ था जिसकी लोगों द्वारा काफी सराहना की गई थी। तभी से इस मेले का आयोजन शक्कर नदी में शुरू किये जाने के चलते हर वर्ष मेले में दूर दूर से दुकानदारों द्वारा अपनी दुकाने लाना शुरू किया गया है। वही दूसरी ओर इस मेले का शुभारंभ आज सोमवार को क्षेत्र के विधायक व प्रदेश के शिक्षा परिवहन मंत्री राव उदय प्रताप सिंह के मुख्य आतिथ्य तथा क्षेत्र के सांसद दर्शन सिंह चौधरी के विशिष्ट अतिथ्य में किया जावेगा। इस मौके पर तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटैल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। वही मेला शुभारंभ की अध्यक्षता नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा द्वारा की जावेगी। क्योंकि इस वर्ष शुरूआती तोर से जिस तरह बाहर के दुकानदारों का आना शुरू हो गया है उससे यह प्रतीत हो रहा है कि यह मेला विकराल रूप धारण करने से नही चूक पायेगा। इस प्रकार से शिवरात्रि मेले की शक्कर नदी में लगने की शुरूआत के चलते जहां प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा इस मेले को भव्य स्वरूप प्रदान करने के लिये दिन रात एक करते हुये वहां जरूरी व्यवस्थाएं बनाई जा रही है। वही दूसरी ओर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर पालिका प्रशासन के अधिकारी व कर्मचारी इस मेले की तैयारियों को लेकर जहां बीते हुये कुछ दिनों से संपूर्ण व्यवस्थाएं बनाने में लगा हुआ देखा जा रहा है। क्योंकि पहले देखा जाता था कि महाशिवरात्रि के मौके पर लगने इस मेले में जगह का आभाव रहने के चलते जहां बाहर से आने वाले अनेक दुकानदारों को पर्याप्त मात्रा में जगह नही मिल पाने के कारण निराश होकर बापिस लौटते हुये देखा जाता था। मगर शक्कर नदी की रेत में इस मेले का आयोजन की शुरूआत होने का परिणाम इस प्रकार से देखने मिल रहा है कि शक्कर नदी की रेत में पर्याप्त व सुविधा जनक दुकानदारों के लिये जगह उपलब्ध होने के कारण उनके चेहरों पर खुशी दिखाई दे रही है। वही दूसरी ओर भले ही अभी महाशिवरात्रि के लिये दो दिन शेष बचे है। मगर अनेक दुकानदारों द्वारा अभी से यहां पर अपनी दुकाने जमाना शुरू कर दिया गया है तथा मेले में लगने वाले अनेक प्रकार के बडे बडे झूला लगने का कार्य लगातार जारी है। वही दूसरी ओर मेले में आने वाले दुकानदारों के लिये मेला स्थल पर अपनी दुकानों की सामग्री लेकर पहुंचने के लिये रेत के अंदर से नगर पालिका प्रशासन द्वारा विशेष मार्गो का निर्माण कराया गया है। इस मेले की तैयारियों पर नगर पालिका अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा सहित नगर निरीक्षक विक्रम रजक, पलोहा थाना प्रभारी विजय पाल के आलवा उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा द्वारा लगातार भ्रमण करते हुये व्यवस्थाएं बनाने में लगी हुई टीम के लिये जरूरी दिशा निर्देश देते हुये देखे जा रहे है। वही दूसरी ओर नगर के समाजसेवियों द्वारा भी समय समय पर मेला स्थल पर पहुंचकर प्रशासनिक अधिकारियों को अपने सुझाव देते हुये इस मेले के आयोजन को सफल बनाने में अपना पूरा सहयोग प्रदान करते हुये देखे जा रहे है। इस प्रकार से जोर शोर से चल रही मेले की तैयारियों को लेकर जब नपा अध्यक्ष शिवाकांत मिश्रा से चर्चा की गई तो उनका कहना है कि महाशिवरात्रि के मौके पर उमड़ने वाली भीड़ को ध्यान में रखते हुये शक्कर नदी की रेत में लगवाने का निर्णय लिया गया है जिसकी व्यवस्थाएं बनाने में पूरा नगर पालिका प्रशासन लगातार लगा हुआ है। हमारा प्रयास है कि इस मेले में पहुंचने वाले दुकानदारों से लेकर आम जनता को किसी भी प्रकार की कोई परेशान न हो वही दूसरी ओर नगर सहित क्षेत्र की जनता को मेला स्थल तक पहुंचने के लिये नगर की छिड़ाव घाट से विशेष मार्ग का निर्माण कराया गया है जिसके चलते नगर की जनता सीधे छिड़ाव घाट से कम दूरी तय करते हुये मेला तक पहुंच सके। वही जनता की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुये मेला स्थल पर अस्थाई शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है तथा मेले की भीड़ में आसामजिक तत्वों की अपराधिक गतिविधियों पर नजर रखने के लिये जहां विशेष गुप्त केमरे लगवाये गये है। वही दूसरी ओर मेले को सुन्दरता प्रदान करने के लिये शक्कर नदी पुल की अनोखी सजावट की गई है, जिसके चलते महाशिवरात्रि के मौके पर लगने वाले इस मेले की शक्कर नदी की छटा आकर्षण का केन्द्र बनने से नही चूक पायेगी।



## वाहन चालक संघ द्वारा रैली निकालते हुये अपनी मांगों को लेकर सौपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** शनिवार को अखिल भारतीय ड्राईवर कल्याण संघ द्वारा नगर में अपनी मांगों को लेकर एक रैली का आयोजन करते हुये अनुविभागीय अधिकारी कार्यालय पहुंचे तहां पर देश के महामहिम राष्ट्रपति के नाम अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन सौपने के बाद यह रैली नगर के कालेज के पास आडीटोरियम पहुंची जहां पर एक सभा का आयोजन किया गया। मुख्य मांगों में देश के वाहन चालकों का कहना है कि राष्ट्रीय स्तर से लेकर प्रदेश स्तर पर चालक आयोग का गठन किया जावे, चालकों के लिये बीस लाख मेचोरिटी बीमा दिया जावे तथा दस लाख एक्सीडेंट मेडीकल बीमा दिया जावे, नेशनल व प्रदेश के हाईवों पर एम्बुलेंस सुविधाओं में इजाफा किया जावे, टोल नाकों पर निजी व व्यवसायिक वाहनों की अलग अलग निकलने की लाईन बनाई जावे, चालको के बच्चों को पढ़ाई में सरकार द्वारा सहयोग प्रदान किया जावे इस तरह अन्य जरूरी यानि की कुल 30 सूत्रिये मांगों को लेकर ज्ञापन सौपा गया।



## खंजारी गांव के पास एक खेत में संदिग्ध स्थिति में पाई गई महिला की लाश से फैली सनसनी, हत्या के साथ दुष्कर्म की जताई जा रही संभावना...?

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**





महिलाओं के साथ घटित होने वाली घटनाओं में अंकुश की जगह जिस तरह से इजाफा होते हुये देखा जा रहा है उसके चलते लोगों में जहां आक्रोश का महौल दिखाई देने से नही चूक रहा है। वही लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है जिस जिले की बागडोर महिला अधिकारियों के हाथों में होने के साथ साथ जिले का बड़ा सौभाग्य है कि इस बात कैविनेट स्तर के दो दो मंत्री मिले है। मगर बाद भी महिलाओं के साथ लगातार हो रही घटनाओं में अंकुश दिखाई देने की जगह जिस तरह से इजाफा होते हुये देखा जा रहा है उसके चलते आमजन द्वारा यह कहा जा रहा है कि पता नही हमारे जिले को किसकी नजर लग गई है..? क्योंकि पहले करेली थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक युवती के साथ सामूहिक रूप से दुष्कर्म के बाद उसे जान से मारने की नियत के चलते छत से फैक दिया गया था। शायद इस घटना की जांच भी पूरी नही हो पाई होगी इसके बाद दिल दहला देने वाली घटना पलोहा थाना क्षेत्र में सामने आई जहां पर एक मासूम देवी स्वरूपा चार साल की बच्ची के साथ दुष्कर्म की घटना और इसके ठीक एक दिन बाद जिस प्रकार से सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम खंजारी के पास एक खेत में जिस तरह संदिग्ध अवस्था में एक महिला की लाश पाई गई उसकी सच्चाई को देखते हुये अनुमान लग रहा है कि शायद उसके साथ आरोपियों द्वारा दुष्कर्म की घटना को देते हुये अपनी सच्चाई छिपाने के लिये हत्या की गई है..? इस तरह क्षेत्र में महिलाओं के साथ लगातार घटित होने वाली घटनाओं को लेकर जहां लोगों द्वारा जिले की कानून व्यवस्था पर अपनी अंगूली उठाने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर महिलाओं से लेकर मासूम बच्चिया अपने घरों से बाहर निकलने की बात तो दूर अपने घरों के अंदर ही अब अपने आपको असुरक्षित महसूस करने से नही चूक रहे है..? इस तरह बीते हुये शुक्रवार को समीपस्थ सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत ग्राम खंजारी गांव के पास खेत में पाई गई महिला की संदिग्ध स्थिति में लाश को लेकर बताया जाता है कि जब खेत मालिक का बटिहार अपने खेत पर पहुंचा तो उसने खेत में महिला की लाश देखी और इसकी सूचना अपने मलिक सहित पुलिस को दी गई। घटना स्थल करेली व गाडरवारा पुलिस थाना क्षेत्र की सीमा के मध्य होने के चलते दोनों थानों की पुलिस ने मौके पर पहुंचकर घटना स्थलों का निरीक्षण किये जाने के बाद जब यह बात स्पष्ट हुई कि जिस स्थल पर महिला की लाश पाई गई है थी वह गाडरवारा थाना क्षेत्र के सिहोरा पुलिस चौकी के अंतर्गत आता है। इसके बाद सिहोरा चौकी पुलिस द्वारा मृतिका का पंचनामा बनाते हुये मर्ग कायम कर मामले को जांच में लिया गया। वही मृतिका की पहचान होने के बाद जानकारी एकत्र की गई तो पता चला कि महिला शुक्रवार की सुबह अपने घर से बैक के लिये पैसा निकालने हेतु निकली थी। इस सच्चाई के चलते जब पुलिस अधिकारियों से चर्चा की गई तो उनके द्वारा बताया जा रहा है कि मामले को जांच में लिया गया है। वही महिला के साथ जिन लोगों को देखा गया है उसके चलते तीन संदिग्धों को पुलिस द्वारा हिरासत में लेकर पूछताछ भी की जा रही है। अभी तक हिरासत में लिये गये दो संदिग्धों द्वारा यह बात तो स्वीकार की गई है कि उनके द्वारा महिला की गला दवाकर हत्या की गई तथा उनके तीसरे साथी द्वारा घटना के बाद महिला को दूसरे स्थान तक पहुंचाने में मदद की गई है..? मगर अभी तक इस बात का खुलासा नही हो पाया है कि महिला के साथ दुष्कर्म की घटना घटित हुई है कि नही इस बात की सच्चाई पोस्ट मार्टम रिर्पोट आने के बाद भी क्लियर हो पाईगी जिसके चलते पोस्ट मार्टम रिर्पोट का इंतजार किया जा रहा है। इस तरह पुलिस अधिकारियों के अनुसार महिला की संदिग्ध पाई गई लाश को लेकर पकड़े गये संदिग्धों द्वारा महिला की हत्या करने की बात को स्वीकार कर लिया गया है..? मगर इस तरह क्षेत्र में महिलाओं के साथ लगातार घटित हो रही घटनाओं के चलते क्षेत्र में आक्रोश का महौल दिखाई देने से नही चूक पा रहा है..?

## वर्षों बीत गया वार्ड के लोगों को गुहार लगाने के बाद भी आज तक नहीं बन पाया पुलिस लाईन के पीछे वाला नाला

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**



कहने को तो नगर पालिका द्वारा नगर के अनेक विकास कार्य कराते हुये शहर की सूरत को बदलने में कोई कसर नही छोड़ी जा रही है।मगर देखा जा रहा हे कि नगर में जहां विकास कार्यो की जरूरत है वहां पर निर्माण कार्य नही होने के कारण लोगों को परेशानियों का सामना करने मजबूर होना पड़ रहा है..? इस बात की सच्चाई इस समय नगर के पुलिस थाने के पीछे यानि की टेलीफोन कालोनी के सामने वाले क्षेत्र में देखने मिल रही है। जहां पर बताया जाता है कि नगर के पूर्व का राजेन्द्र बाबू वार्ड शायद वर्तमान में यह महाराणा प्रताप वार्ड में शामिल हो गया है? जो पुलिस कालोनी से जाने वाले सांई आशीष गार्डन के पीछे से लेकर सुनील टेंट वालो के मकान के पीछे तक कच्चा नाला कई वर्षो से निर्माण कार्य की अपेक्षा कर रहा है। यहां पर पूर्व में रहे वार्ड पार्षद सहित वहां के निवासियों ने भी विगत कई वर्ष पूर्व से उस समय रहे नपा के जनप्रतिनिधियों सहित नगर पालिका परिषद से इस नाले के निर्माण को लेकर कई बार गुहार लगाई गई है और वार्ड के लोगों द्वारा अनेकों पर अधिकारियों को जनसुनबाई के दौरान भी उनकी परेशानी से अवगत कराया जा चुका है। परंतु उस नाले का निर्माण कार्य नहीं हो सका, जिसके कारण वहां पर बने कच्चे नाले में बेइंतहा गंदगी फैलने के कारण यहां पर निवास करने वाले लोगों को अनेक प्रकार की बीमारी जकड़ रही है तो दूसरी ओर अन्य परेशानियों का भी सामना करना पड़ रहा है..? इतना ही नही विगत वर्ष बरसात के मौसम में पानी भरने के कारण अनेक लोगों के घरों में पानी भर चुका है। मगर इसके बाद भी बारिश के दौरान तो नपा सहित अन्य अधिकारियों द्वारा इस नाले के निर्माण की बात कही जाती है। मगर गुहार लगाते हुए यहां के लोगों को वर्षो का समय बीच जाने के बाद भी मगर इस नाले का निर्माण आज तक नही हो पाया है। और अनुमान लग रहा है कि इसके बाद भी नगर पालिका द्वारा शायद इस नाले के निर्माण को लेकर अभी तक किसी भी प्रकार से कार्य में दिल चस्पी नहीं ली जा रही है, जिसके कारण नाले का निर्माण नही हो पा रहा है और लोगों को अनेक प्रकार की परेशानियों का सामना करने मजबूर होना पड़ रहा है। वही बताया जाता है कि कुछ वर्षो पहले इस नाले के निर्माण को लेकर यहां पर निवास करने वाले एक अधिवक्ता जी द्वारा नाले के निर्माण के संदर्भ में विगत कुछ वर्ष पूर्व न्यायालय की शरण तक ली थी तब नपा ने जबाब दिया था कि जल्द इसका निर्माण किया जायेगा इसके टेंडर की प्रक्रिया चल रही है..? मगर बडे ही हैरत की बात है कि इसके बाद भी आज तक किसी प्रकार से निर्माण कार्य शुरू नही हो पाया है? वही गौर करने वाली बात तो यह भी है कि जब यदि उक्त नाले के निर्माण के टेंडर हो गए है तो निर्माण कार्य क्यों प्रारंभ नहीं किया गया जो आज भी चर्चा का विषय बना हुआ है। ऐसा नही है कि नगर पालिका द्वारा नगर के विकास के लिये कुछ नही किया जा रहा है लगातार विकास करते हुये करोड़ो रूपया खर्च किये जाने के बाद भी इस नाले के निर्माण की सच्चाई को नजर अंदाज किया जाना समझ से परे जान पड़ रहा है?

## अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार घायल, एम्बुलेंस नही पहुंची तो पिकअप से घायल को पहुंचाया चिकित्सालय





**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** जहां एक ओर सरकार द्वारा दावे किये जा रहे है कि जब किसी व्यक्ति की सड़क दुर्घटना होती है तो उसे तुरंत उपचार की व्यवस्था के लिये सर्व सुविधायुक्त एम्बुलेंसे से मौजूद सभी सरकारी चिकित्सालयों में मौजूद है और फोन करते ही चंद मिनिटों के अंदर वह घटना स्थल पर पहुंचकर मरीजों को उपचार उपलब्ध कराने के साथ साथ चिकित्सालयय तक पहुंचाने में मदद कर रही है..? मगर लोग हैरत में उस समय पड़ जाते है कि जब किसी दुर्घटना के बाद लोग शासन की 108 सेवा पर मदद के लिये फोन लगाते रहते है मगर उसकी मदद के लिये न तो एम्बुलेंस पहुंचती है और नही अन्य सुविधाये मिल पाती है। इस स्थिति में जहां सरकार के दाबों की पोल खुलने से नही चूकती है और लोगों को अन्य किसी वाहनों के माध्यम से घायलों को चिकित्सालय तक ले जाने के लिये मजबूर होते हुये देखा जाता है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई रविवार को समीपस्थ ग्राम कामती पिठहरा के पास राज्य स्तरीय मार्ग पर उस समय देखने मिली जब एक मोटर साईकिल चालक को किसी अज्ञात वाहन द्वारा टक्कर मारे जाने के कारण वह गंभीर रूप से घायल होकर जब सड़क पर पड़ा होने के साथ साथ जिन्दगी व मौत के बीच जूझ रहा था। वही मौजूद लोगों द्वारा शासन की 108 सेवा सहित गाडरवारा शासकीय चिकित्सालय में एम्बुलेंस के लिये लगातार फोन लगाये जाने के बाद भी जब एम्बुलेंस नही पहुंची तो मौजूद लोगों द्वारा एक पिकअप गाड़ी के माध्यम से घायल को उपचार हेतु चिकित्सालय पहुंचाया गया। अभी तक इस बात का पता तो नही चल पाया है कि बाइक चालक को टक्कर मारने वाला वाहन कौन था और घायल युवक कहा का रहने वाला है। मगर इस तरह आये दिन घटित हो रही घटनाओं के चलते जिस तरह पीड़ितों को मदद के लिये परेशान होते हुये देखा जाता है उसके चलते शासन की सुविधाओं पर सबाल खड़े होने से नही चूक पा रहे है..?

## खबर संक्षेप

### कोतवाली पुलिस ने किया वारंटी गिरफ्तार

डिण्डौरी-कोतवाली थाना अंतर्गत बड़ी बिछिया से रविवार सुबह मुखबिर की सूचना पर एक वारंटी को गिरफ्तार किया है। जिसके विरूद्ध धारा 34ए के तहत मामला न्यायालय में विचाराधीन है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आरोपी पुरूषोत्तम सिह बिलागर पिता छतरसिंह बिलागर 43 साल निवासी बड़ी बिछिया के विरूद्ध 2021 में आबकारी अधिनियम के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया था और चालान न्यायालय में पेष किया गया था लेकिन आरोपी सुनवाई के दौरान उपस्थित नही हो रहा था जिसके विरूद्ध न्यायालय ने गिरफ्तारी वारंट किया था। जिसकी पुलिस तलाष कर रही थी इसी दौरान मुखबिर से मिली सूचना के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### कोतवाली पुलिस ने जप्त की 54 पाव अंग्रेजी अवैध शराब

डिंडौरी- कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत नगर के जगदंबा मंदिर के पास एक व्यक्ति के कब्जे से अंग्रेजी अवैध शराब जप्त की गई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि जगदम्बा मंदिर पास एक आदमी बोरी में अवैध शराब रखे खड़ा है। सूचना मिलने पर मुखबिर के बताये स्थान पर दबिश दी गई तो वाहन से एक आदमी जगदम्बा मन्दिर के पास से एक मटमैले कलर की बोरी लिये भागने का प्रयास कर रहा था, जिसे घेराबंदी कर मौके पर पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम कुंवर सिंह उर्फ भुर्मू पारासर पिता तीरथ सिंह पारासर 27 वर्ष निवासी वार्ड 13 पुरानी डिण्डौरी बताया। उसके पास रखी बोरी को चेक करने पर बोरी में 16 पाव अंग्रेजी शराब एमडी रम कीमती 3200 रूपये व 38 पाव जीनियस रम अंग्रेजी शराब कीमती 3800 रूपये मिली। जप्त शराब की कीमती 7000 रूपये है। शराब रखने व विक्रय करने के संबंध में लायसेंस आदि के बारे में पूछताछ पर नहीं होना बताया।

### प्रधानमंत्री आवास की दूसरी किश्त दिलवाने की मांग

डिंडौरी-प्रधानमंत्री आवास योजना की अगली किस्त दिलवाने संबंधी आवेदन कलेक्टर कार्यालय में तहसील बजाग अंतर्गत ग्राम सरवाही निवासी हितग्राही द्वारा दिया गया है। आवेदन में बाबूराम पिता इतवारी ने लेख किया कि मुझे प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ मिला था। आवास की प्रथम किश्त मेरे खाता में जमा कर दिया गया था। लेकिन मेरे दो बैंक खाता होने के वजह से भूलवश उस खाता को बंद करा दिया जिस खाता में प्रधानमंत्री आवास की प्रथम किश्त जमा की गई थी। इसके बाद दूसरा बैंक खाता में प्रधानमंत्री आवास योजना की किश्त जमा नहीं हो पा रही है। इस बावद ग्राम पंचायत सरवाही एवं जनपद पंचायत बजाग में अनेको बार आवेदन किया गया, लेकिन उनके द्वारा कहा जाता है जिस खाते में प्रथम किश्त जमा हुआ था, उसको बंद करा दिये हो इसलिये दूसरे खाते में प्रधानमंत्री आवास की अगली किश्त की राशि मेपिंग होकर नहीं जमा हो पायेगी।

### दुर्घटना में पत्नी की मौत के बाद पति ने लगाई आर्थिक सहायता की गुहार

डिंडौरी-जिले की तहसील शहपुरा के अंतर्गत ग्राम घुटेना निवासी ग्रामीण ने एक दुर्घटना में पत्नी की मृत्यु होने के बाद आर्थिक सहायता दिलाने के लिए आवेदन कलेक्टर कार्यालय में दिया है। आवेदन में प्रताप सिंह उइके उम्र 59 वर्ष पिता स्व० मंगल सिंह उईके ने लेख किया कि मेरा खेत जंगल के किनारे है। खेत में पत्नि काम कर रही थी जहां काम करने के दौरान अचानक से पहाड से पत्थर गिरने लगे जिसके कारण छाती व पैर एवं शरीर के अन्य भागो में चोट आयी थी। जिसे मैं एवं मेरे परिवार के सदस्यों के सहयोग से उपचार हेतु शासकीय अस्पताल शहपुरा ले गये थे। अस्ताल में प्राथमिक उपचार कर मेडिकल अस्पताल जबलपुर रेफर कर दिया गया था। मेडिकल अस्पताल के आकास्मिक चिकित्सा वार्ड में उपचार के दौरान मेरी पत्नि श्रीमति श्रीबाई की मृत्यु दिनांक 17 अक्टूबर 2024 को गयी थी। मृतिका के परिवार के वारसानों को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग की गई है।

### मोटरसाइकिल की टक्कर से ऑटो सवार दो घायल

डिंडौरी- ऑटो में बैठकर बाजार से अपने घर लौट रहे दो लोग मोटरसाइकिल की टक्कर से घायल हो गए। दोनों को उपचार हेतु जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है। अस्पताल चैकी पुलिस को दिए कथन में रमेश सिंह पिता जेठू सिंह धुर्वे उम्र 48 साल निवासी ग्राम हर्रा थाना करणपठार जिला अनूपपुर ने बताया कि शनिवार को ग्राम घुघरी इटोर के बाजार से सामान खरीदकर ग्राम मडियारास के एक भाईजान के ऑटो से अपने भांजा योगेस्वर परस्ते एवं गांव के ही अन्य 15-16 लोग बैठकर वापस अपने घर हर्रा आ रहे थे।

## प्राथमिक शाला में लगभग 15 दिनों से नहीं बना मध्याह्न भोजन

# शिक्षक और रसोइयों के बीच विवाद में बच्चों के मुंह से छिन रहा निवाला






हरिभूमि न्यूज डिंडौरी

जिले के जनपद पंचायत डिंडौरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मुडिया कला के प्राथमिक शाला में लगभग 15 दिनों से मध्याह्न भोजन नहीं बना है। शिक्षक और रसोइयों के विवाद के चलते मध्याह्न भोजन नहीं बनने से शाला में पढ़ने वाले बच्चों के मुंह से निवाला छिन रहा है। ऐसे हालात में शासन की महत्वाकांक्षी योजना अंतर्गत दिए जाने वाले मध्याह्न भोजन से छात्र छात्राएं वंचित है। इसको लेकर ग्रामीणों में आक्रोश भी नजर आ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि शिक्षक एवं रसोइयों के बीच विवाद का खामियाजा बच्चों को भुगतना पड़ रहा है। प्राथमिक शाला में मध्याह्न भोजन विगत 15 दिनों से बंद होने की जानकारी विभागीय अमले को नहीं होने पर भी प्रश्न चिन्ह लग रहे है।

### विवाद का वीडियो भी हो रहा वायरल

जानकारी के अनुसार शिक्षक और रसोइयों के बीच विवाद का एक वीडियो सोशल मीडिया में वायरल भी हो रहा है, जिसमें शिक्षक अपनी गरिमा को तार तार करते हुए अभद्र शब्दों का प्रयोग करते हुए गाली गलौज करते दिखाई दे रहे हैं। वही इस मामले में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली रसोइयों ने शिक्षक के खिलाफ शाहपुर थाना में एफआईआर भी दर्ज कराई है। हालांकि इस मामले में अधिकारी कुछ भी कहने से बच रहे हैं, लेकिन शिक्षक और रसोइयों के बीच विवाद के चलते ग्राम पंचायत मुड़यि कला के प्राथमिक शाला ठाकुर टोला में छात्र छात्राएं मध्याह्न भोजन से वंचित हो रहे हैं। शिक्षक और रसोइयों के बीच का विवाद कब तक चलता है और कब नौनिहाल छात्र-छात्राओं को मध्याह्न भोजन मिल पाता है। फिलहाल प्राथमिक शाला में पढ़ने वाले लगभग 30 छात्र- छात्राएं मध्यान भोजन से वंचित है।

### शाहपुर थाना में रसोइयों द्वारा ‹ की गई शिकायत

ग्राम मुडियाकला शाहपुर निवासी गंगा बाई पति इन्द्रलाल विश्वकर्मा उम्र 35 ने शाहपुर थाना में आवेदन पत्र दिया है। आवेदन में गंगा बाई ने लेख किया कि सरस्वती आजीविका स्वसहायता समूह के माध्यम से मै शासकीय प्राथमिक शाला मुडियाकला ठाकुर टोला में मध्याह्न भोजन बनाने का काम वर्ष 2008-2009 से कर रही हूं। प्राथमिक शाला में शिक्षक हिम्मत सिंह ठाकुर भी लगभग 08 साल से पदस्थ है। समूह ने जुलाई 2024 तक खाना बनाया है। इसके बाद दो अगस्त से शिक्षक हिम्मत सिंह ठाकुर दूसरे समूह की महिला कमलवती बाई, छोटी बाई के माध्यम से मध्याह्न खाना बनवाने लगा। हम लोग भी स्कूल जा रहे है, लेकिन हिम्मत सिंह ठाकुर हमे खाना नहीं बनाने दे रहा है। 20 जनवरी 2025 को शिक्षक हिम्मत सिंह ठाकुर के द्वारा हमे रसोई में मत आना कहकर गाली गलौच की गई है। इसके बाद हमने चार पंचों को भी बैठाया था, जिनकी बात भी शिक्षक हिम्मत सिंह ठाकुर नहीं मान रहा है। जबकि खाना बनाने का पैसा भी हमारे खाते में आ रहा है।

### कलेक्टर से भी की गई लिखित शिकायत

प्राथमिक शाला ग्राम मुड़यि कला ठाकुर टोला के पुराने रसोईयों ने शिक्षक हिम्मत सिंह ठाकुर द्वारा गाली गलौच कर मध्यान्ह भोजन बनाने से मना करने के संबध में कलेक्टर कार्यालय में लिखित शिकायत की है। शिकायत में पुराने रसोईया गंगा बाई पति इंद्र लाल एवं पतियाबाई पति राजकुमार ने लेख किया कि वे दोनों रसोईया के पद पर शाला में सन 2008-2009 से मध्याह्न भोजन बनाने के कार्य में पदस्थ थी। जिनको शिक्षक हिम्मत सिंह ठाकुर के द्वारा गाली गलौच कर खाना बनाने से मना कर रहा है। कुछ कहने पर धमकाता भी है। मध्यान्ह भोजन संचालित नहीं करने की बात कहकर शिक्षक द्वारा कहा जाता है कि मेरे 6-7 केस कोर्ट में चल रहे है मेरा कोई कुछ नहीं कर सकता है। रसोइयों ने मांग की है कि हम बहुत गरीब है एवं इसी कार्य से अपना जीवन यापन करते है। उक्त शिक्षक पर उचित कार्यवाही की जाए।



## वर्षों से चल रहे फरार वारंटी को पुलिस ने किया न्यायालय में पेश

**शहपुरा** - वर्षों से फरार वारंटी की धर पकड़ करते हुए पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा विशेष अभियान चलाया जा रहा है जिससे मान न्यायालय में पेंडिंग मामलों का त्वरित निराकरण हो सके इसी क्रम में पुलिस कप्तान डिंडोरी श्रीमती वाहनी सिंह के आदेशानुसार तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगन्नाथ मरकाम एवं sdop शहपुरा मुकेश अविद्रा के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी शहपुरा अनुराग जामदार द्वारा कल दिनांक 22/2/2025 को कांबिंग गस्त के दौरान प्रकरण क्रमांक 208/17 धारा 279,337,338,ipc में 8 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी मोहम्मद जावेद अली पिता अब्दुल जहूर खान उम्र 26 साल निवासी फूटाताल जबलपुर को एवं एक गिरफ्तारी वारंटी प्रकरण क्रमांक 28/24 धारा 294,506 ipc में फरार गिरफ्तारी वारंटी अखिलेश पिता भगवत झारिया 32 साल निवासी मरवारी को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है जिन्हें विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय पेश किया गया।

### ग्रामीण युवक ने की अनुकंपा नियुक्ति की मांग

**डिंडौरी**- जिले के विकासखंड डिंडौरी के अंतर्गत ग्राम पंचायत मडियारास निवासी ग्रामीण द्वारा अनुकंपा नियुक्ति देने की मांग से संबंधित आवेदन कलेक्टर कार्यालय में विगत दिवस दिया गया है। आवेदन में शिवकुमार नंदा ने लेख किया है कि उसके पिता स्व. रमेश प्रसाद नंदा नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण कार्यालय में जलवाहक के पद पर पदस्थ थे, जिनका निधन कार्य के दौरान 9 फरवरी 2023 को हो गया था। अनुकंपा नियुक्ति के लिए आवेदन पत्र भी उसके द्वारा दिया गया है। आवेदक ने कलेक्टर से मांग की है कि उसके पिता के स्थान पर उसे अनुकंपा नियुक्ति जल्द से जल्द प्रदान की जाए।

# कार्य में लापरवाही बरतने वाले सचिव को नोटिस जारी

डिण्डौरी-

ग्राम पंचायत में शासन के दिषा निर्देषों का पालन नही करने वाले सचिवों की लंबी कतार है और इस लापरवाही बरतने को लेकर प्रषासन द्वारा नोटिस के माध्यमों से हिदायत भी दी जाती है । बावजूद इसके इनकी कार्यप्रणाली में सुधार होता नजर नही आ रहा है।, अपने निजी फायदे के लिए शासन के मापदंड के विपरीत मनमानी की जाती है। आलम यह है कि ग्राम पंचायत अंतर्गत निर्माण कार्य सहित अन्य काम काज को लेकर ग्राम पंचायत सचिव हमेषा विवादों में बने रहते है और इनकी कार्यप्रणाली को लेकर नाराज ग्रामीण षिकायत लेकर जिला मुख्यालय में आला अधिकारी के पास पहुंचते है । हालाकि ग्राम पंचायत में पदस्थ सभी सचिव पर आरोप नही लगते लेकिन कुछ सचिव ऐसे है जिनकी षिकायतें आये दिन जिला मुख्यालय पहुंचती है। लेकिन कार्यवाई के आभाव में इनके द्वारा नित नये कारनामों को अंजाम दिया जाता है। जिनमें जनपद पंचायत डिण्डौरी अतर्गत ग्राम पंचायत पोंडी माल में पदस्थ सचिव जोहन सिह कोरबा का नाम भी शुमार है। विगत 13 वर्षो से ग्राम पंचायत पोंड़ी माल में पदस्थ सचिव जोहन सिंह कोरबा पर षिकायतों की लंबी फेहरिस्त है लेकिन इनके विरूद्ध कार्यवाई नही होने से इनके हौसले बुलंद है। इनकी कार्यप्रणाली को लेकर हमेषा सवाल उठते रहे है एकबार फिर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा इन्हे कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है जिसमें ग्राम पंचायत में प्रधानमंत्री आवास योजना, मनरेगा, सीएम हेल्प लाईन, प्रगति, निराकरण में लापरवाही बरतने और जनपद पंचायत द्वारा दिये गये निर्देषों का पालन नही करने के आरोप लगे है।




### पीएम आवास 212 स्वीकृत , 53 आवास अपूर्ण

जोहन सिंह कोरबा पर जिला पंचायत सीईओ द्वारा जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि प्रधान मंत्री आवास योजना के अंतर्गत योजना प्रारंभ से कुल 212 आवासों की स्वीकृति दी गई थी, जिसके अंतर्गत वर्तमान तक 159 आवास पूर्ण कराये गये है 53 आवास अपूर्ण है । जनमन आवास योजना अंतर्गत 14 स्वीकृत आवासो के विरूद्ध 2 आवास पूर्ण कराये गये है वर्तमान में 12 आवास अपूर्ण है। आवास योजना के अंतर्गत ग्राम पंचायत पोंडी माल में 362 हितग्राही है जिनमें से 90 हितग्राहियों की समग्र सीडिंग की गई है शेष 272 हितग्राहियों के समय सीडिग कार्य पूर्ण नही की गई है । मनरेगा योजना अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 लेवर बजट मजदूर नियोजन का लक्ष्य 37949 के विरूद्ध 12696 मजदूरों का नियोजन किया गया है। जिसका प्रतिषत 33.46 है वित्तीय वर्ष के दो माह शेष है , इनके द्वारा लेवर बजट लक्ष्य की पूर्ति नही की गई है ।

### पीएम जनमन में लापरवाही बरतने जनपद से जारी हुआ था नोटिस -

मनरेगा योजना के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2021-22 से 2024-25 तक कुल 1071 कार्य के विरूद्ध 1003 कार्य पूर्ण कराये गये है । वर्तमान में 68 कार्य अपूर्ण है । ग्राम पंचायत पोंड़ी माल में पृथक पृथक सीएम हेल्प लाईन षिकायत के 210 दिवस , 238 दिवस, 126 दिवस, 83 दिवस, हो जाने के बाद भी संतुष्टि पूर्वक बंद नही करायी जा रही है । पीएम जनमन योजना में लापरवाही बरतने पर कार्यालय जनपद पंचायत डिण्डौरी द्वारा 28 फरवरी 24, 14 मार्च 24 को नोटिस जारी किया गया था इसी तरह सी एम हेल्प लाईन में लापरवाही बरते जाने के कारण 9 जनवरी 24 एवं 25 जनवरी 24 को कारण बतायओं नोटिस जनपद पंचायत द्वारा जारी किया गया था ।लेकिन सचिव द्वारा जबाव नही दिया गया ।

**बैठक में अनुपस्थित रहता है सचिव** - ग्राम पंचायत पोंड़ी माल के सचिव द्वारा जनपद पंचायत में होने वाली बैठकों में भी अनुपस्थित रहने के आरोप लगे है। 10 जनवरी 25 को जनपद पंचायत कार्यालय में योजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित की गई थी बैठक में उपस्थित होने हेतु निर्देष दिये जाने के बावजूद भी बिना पूर्व सूचना के सचिव जोहन सिंह कोरबा अनुपस्थित रहे । सचिव को वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा समय समय पर निर्देष दिये जाने के उपरांत भी उदासीनता बरती जा रही है जिससे कार्यशैली परिलक्षित होता है जो कत्र्तव्यों के प्रति उदासीनता है। उक्त कृत्य पदीय दायित्वों का निर्वहन न करना अनुषासनहीनता की श्रेणी में आता है। इस बावद मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा नोटिस जारी कर 3 दिवस में जबाव तलब किया गया है जबाव प्रस्तुत नही किये जाने की दषा में एक पक्षीय कार्यवाई किये जाने का उल्लेख किया गया है।

# कलेक्टर ने हाईवे निर्माण कार्य प्रगति का किया निरीक्षण




डिंडौरी

जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग के तहत अमरकंटक, जबलपुर और मंडला तक सड़क निर्माण का कार्य प्रगतिरत है, जिसके सम्बन्ध में आज कलेक्टर ने एनएच के अधिकारी, ठेकेदार, कंसल्टेंसी कंपनी सहित अन्य निर्माण एजेंसी के अधिकारियों की उपस्थिति में सड़क निर्माण कार्य का विस्तृत निरीक्षण किया। उन्होंने आज रविवार को डिंडौरी से अमरकंटक,डिंडौरी से जबलपुर एवं डिंडौरी से मंडला तक निर्माणाधीन नेशनल हाइवे के निर्माण कार्यप्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, एसडीएम बजाग वैधनाथ वासनिक, डिप्टी कलेक्टर रामबाबू देवांगन, कार्यपालन यंत्री एनएच विभाग शंकरलाल सहित निर्माण एजेंसी अधिकारी एवं ठेकेदार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान स्वीकृत टेंडर, लेआउट डिजाइन, ड्राइंग डिजाइन, यूटिलिटी स्पेस सड़क निर्माण मटेरियल, मानक स्तर पर सड़क की चैड़ाई एवं मोटाई, ड्रेनज व्यवस्था, स्लोप स्थिति, भूअर्जन सहित अन्य मुद्दों पर उपस्थित अधिकारियों से जानकारी लेकर मौके पर निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। कलेक्टर ने डिंडौरी से अमरकंटक तक किये जा रहे राजमार्ग निर्माण कार्य का निरीक्षण कूड़ा, गीधा, हर्रा से बोंदर तिराहा तक विभिन्न पॉइंट पर निरीक्षण किया, उन्होंने अतिक्रमण के कारण रुके कार्य को जल्द पूरा कराने के लिए सम्बंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। कलेक्टर ने हर्रा तिराहा क्षेत्र में शासन के नियमानुसार सड़क निर्माण करने के लिए निर्देश दिए, तत्सम्बन्ध में सम्बंधित अधिकारी आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करेंगे। कलेक्टर मारव्या ने जोगीटिकरिया से ग्राम आमाचूहा तक राजमार्ग के निर्माण कार्यप्रगति का जायजा ट्रेकर एप्प के माध्यम से लिया। उन्होंने कहा कि स्लोप उचित रूप से बनाकर दुर्घटनाओं को रोकने के उद्देश्य को पूरा करना है, तत्सम्बन्ध में अधिकारी उचित स्लोप बनाये और संरचना में सुधार करें। कलेक्टर ने डिंडौरी से मंडला तक किये जा रहे सड़क निर्माण कार्य का निरीक्षण मंडला बायपास से सक्का माल तक विभिन्न पॉइट पर निरीक्षण किया। उन्होंने मंडला बायपास पर रोड कटर टेस्टिंग के माध्यम से परीक्षण करवा कर सड़क की निचली और ऊपरी परत की जाँच की। इस क्रम में सक्का माल में सीमेंट कंक्रीट सड़क की गुणवत्ता का परीक्षण किया गया।कलेक्टर ने प्रगतिरत राजमार्ग के कार्यों में संबंध में गुणवत्ता और सड़क सुरक्षा को प्राथमिकता देने के सम्बन्ध में आवश्यक निर्देश दिए, उन्होंने कहा कि निरीक्षण में चिन्हित किये बिंदुओं पर सुधार करते हुए, शासन के नियमानुसार शेष कार्य को पूरा कराएं।




## महाविद्यालय मेंहदवानी के छात्र छात्राओं ने किया राष्ट्रीय जीवाष्म उद्यान घुघवा का भ्रमण

**हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी**- राजा शंकर शाह कुंवर रघुनाथ शाह शासकीय महाविद्यालय मेहंदवानी के प्राचार्य डॉ लेखराम कुर्मी के कुशल निर्देशन एवं इको क्लब प्रभारी सुश्री माया कनासे के संचालन में पर्यावरण मंत्रालय के निर्देशानुसार सतत जीवन शैली एवं पर्यावरण जागरूकता कार्यक्रम के तारतम्य में विद्यार्थियों को प्रकृति से जोड़े रखने एवं पर्यावरण जागरूकता लाने के लिए प्राकृतिक भ्रमण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसके तहत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं को राष्ट्रीय जीवाश्म उद्यान घुघवा जिला डिंडोरी का भ्रमण कराया गया। प्राकृतिक भ्रमण के इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों को जीवाश्म के महत्व के बारे में बताया गया।तथा और जानकारी दी गई कि इस राष्ट्रीय उद्यान में 18 जीव वैज्ञानिक कुलों के 31 वंशो के पौधों के जीवाश्म मिलते हैं और कई पौधों, पत्तों,फलों बीजों तथा शंखों के जीवाश्म मिलते हैं जो करोड़ों वर्ष पुराने है। साथ ही विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के वृक्षों के बारे में जानकारी दी गई। प्राकृतिक भ्रमण के इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के।सहायक प्राध्यापक।डॉ शशिकांत चंदेला, डॉ सुरेश प्रसाद पांडे,श्रीमती अमृता सूर्यवंशी तथा। महाविद्यालय के 30 विद्यार्थी उपस्थित रहे और कार्यक्रम को सफल बनाया।

समृद्धि योजनांतर्गत स्वैच्छिक संगठनों का एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

# प्रदेश की प्रगति में स्वैच्छिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर। समृद्धि योजनांतर्गत जिले के स्वैच्छिक संगठनों का एक दिवसीय जिला स्तरीय प्रशिक्षण पीएम श्री कॉलेज ऑफ एक्सिलेंस शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय नरसिंहपुर में वर्चुअल हॉल में रविवार को आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण विभिन्न सत्रों के माध्यम से स्रोत व्यक्तियों द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया।






प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल ने ने कहा कि स्वैच्छिक संगठन सामाजिक सरोकार के विभिन्न मुद्दों पर शासन व समाज के साथ मिलकर निरंतर कार्य करते हैं। मप्र जनअभियान परिषद द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण उनके कार्यों में प्रमाणिकता व पारदर्शिता के साथ उनकी गुणवत्ता में निश्चित ही वृद्धि सहायक होगी। जनअभियान ऐसे सभी स्वैच्छिक संगठनों के साथ कार्य कर रही है, जो शासन व समाज के मंशानुरूप है। कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि रामस्नेही पाठक ने बताया जनअभियान परिषद सरकार व समाज के बीच सेतु के रूप में कार्य कर रही है। सभी स्वैच्छिक संगठन की सहभागिता व समन्वय रहता है, जो प्रदेश की प्रगति में सहायक है। श्रीमती निशा सोनी ने कहा कि जनअभियान परिषद द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण उनकी गुणवत्ता के लिए सहायक सिद्ध होगा। सुनील कोठारी ने समाज की चिंता व उनके समाधान के विषय में अपने विचार व स्वयं के सामाजिक संगठनों में कार्य करने के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया की जल संरक्षण व संवर्धन, नशामुक्ति, स्वच्छता व पर्यावरण संरक्षण के साथ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में स्वैच्छिक संगठनों की महत्वपूर्ण भूमिका रहती है। प्रशिक्षण के प्रथम सत्र में जयनारायण शर्मा ने प्रशिक्षण कार्यक्रम की प्रस्तावना दी। उन्होंने मध्यप्रदेश जनअभियान परिषद के परिचय एवं संचालित योजनाओं की पॉवर प्वाइंट प्रजेंटेशन के माध्यम से सभी को विस्तार से बताया। द्वितीय सत्र में डॉ. गणेश कुमार सोनी ने स्वैच्छिक संगठनों की संरचना एवं प्रबंधन, तृतीय सत्र में ब्राइट लाइन सोसाइटी के डायरेक्टर लक्ष्मीकांत धाकड़ ने स्वैच्छिक संगठनों का महत्वपूर्ण अधिनियमों में पंजीयन व आवश्यक दस्तावेजों का संधारण, चतुर्थ सत्र में विकासखंड प्रबंधक राष्ट्रीय आजीविका मिशन करेली प्रमोद पारे ने निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व- सीएसआर व उसके प्रावधानों सहित संस्थाओं की पात्रता आदि और पंचम सत्र में जिला समन्वयक जयनारायण शर्मा ने ग्राम विकास की अवधारणा एवं स्वैच्छिक संगठनों की भूमिका व क्रियान्वयन के विभिन्न आयामों के अनुसार योजना निर्माण, सामाजिक अंकेक्षण व प्रभाव का आंकलन विषय पर विस्तार से बताया और उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया गया। अंतिम सत्र में प्रतीक दुबे, धर्मेंद्र चैहान तथा कुलदीप ठाकुर ने प्रतिभागियों के प्रशिक्षण का फीडबैक प्राप्त किया। अतिथियों ने समापन अवसर पर सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण - पत्रों प्रदान किये गए। प्राध्यापक डॉ. गणेश कुमार सोनी, अंशुल नेमा, जिले के स्वैच्छिक, सामाजिक, धार्मिक, आध्यात्मिक व सांस्कृतिक संगठनों के पदाधिकारी मौजूद थे। प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन विकासखंड समन्वयक प्रतीक दुबे व आभार श्रीमती माधवी पाठक एवं धर्मेन्द्र चैहान ने व्यक्त किया।

## खबर संक्षेप



### नगर परिषद छपारा में रोड का हुआ भूमि पूजन छपारा

**हरिभूमि न्यूज छपारा ।** छपारा में निकाय निधी से वार्ड क्रमांक 10 महाराणा प्रताप में जामा मस्जिद जाने वाले मार्ग में 28 लाख से निर्मित नाली का निर्माण किया जायेगा, जिसका भूमि पूजन पार्षदों की मौजूदगी एवं गणमान्य नागरिकों ने किया , इस अवसर पर वार्ड क्रमांक 12 की पार्षद प्रीति सिंग, वार्ड क्रमांक 13 की पार्षद सोनल श्रीवात्री, वार्ड क्रमांक 8 की पार्षद हेमलता सोनी,वार्ड क्रमांक 10 के पार्षद रामेश्वर बंजारा, वार्ड क्रमांक 1 की पार्षद अहिल्या उईके , नगर परिषद छपारा के सब इंजीनियर, कर्मचारी , ठेकेदार इस भूमि पूजन के कार्यकम में उपस्थित रहे।

### ढाबे में मारपीट और तोडफ़ोड़

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** नेशनल हाइवे के एक ढाबे में पैसों के लेनदेन को लेकर मारपीट हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लूघरवाड़ा निवासी सचिन बघेल का हाइवे किनारे ढाबा है। ढाबे में सादकसिवनी के रहने वाले सुरेन्द्र यादव, दुर्गेश विश्वकर्मा और चेतन सेन आए और बोले कि हमको किसी से पैसे लेना है। उसने बोला है ढाबा से पैसा ले लो। सचिन ने उनसे बोला कि जिस व्यक्ति ने बोला है उससे मेरी बात कराओ। इसी बात को लेकर तीनों ने सचिन के साथ विवाद करना शुरु कर दिया। सुरेन्द्र ने पत्थर उठाकर और दुर्गेश और चेतन सेन ने हाथ मुक्का थप्पड़ से मारपीट किए। सचिन ने अपने भाई प्रवीण बघेल को फोन करके बुलाया तो सुरेंद्र ने अपने अन्य साथियों को बुलाकर ढाबे में मारपीट और तोड़ाफोड़ी शुरु कर दी। साथ ही आरोपियों ने सचिन से कहा कि तू यहां ढाबा चला कर देख तुझे जान से खत्म कर देंगे।

# प्रधानमंत्री आज करेंगे 19 वीं किस्त का वितरण

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 19 वीं किस्त का वितरण सोमवार 24 फरवरी को बिहार के भागलपुर से करेंगे। पीएम किसान सम्मान निधि की 19 वीं किस्त वितरण किसान सम्मान समारोह के रूप में मनाया जायेगा। विदित है कि पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत हितग्राहियों को वर्ष में कुल 6 हजार रुपये तीन समान किस्तों में प्रदान की जाती है। पीएम किसान सम्मान निधि सांसद, विधायक सहित अन्य जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में जिला एवं ब्लॉक स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। इस संबंध में अपर कलेक्टर नरसिंहपुर ने अनुविभागीय राजस्व अधिकारी नरसिंहपुर एवं नरसिंहपुर, करेली, गोटेगांव, गाडरवारा, तेंदूखेड़ा व सांईखेड़ा के तहसीलदारध नायब तहसीलदार को आवश्यक निर्देश दिये हैं। पीएम किसान सम्मान निधि कार्यक्रम का प्रसारण जिला व ब्लॉक स्तर पर प्रोजेक्टर व बड़ी स्क्रीन के माध्यम से प्रसारण किया जायेगा। जिले की ग्राम पंचायतों में कार्यक्रम के प्रसारण की व्यवस्था की जायेगी। योजनांतर्गत पटवारियों को नियत ग्राम के लिए नोडल अधिकारी होंगे। सभी नोडल अधिकारी संबंधित कृषकों को भी कार्यक्रम में वर्चुअली सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करेंगे। हितग्राहियों को किस्त प्राप्त करने के लिए ई- केवायसी, आधार एवं बैंक खाता लिंकिंग एवं पीएम किसान पोर्टल पर स्टेटस अवलोकन करने संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे।

### श्री कामेश्वर महादेव में आयोजित होंगे कार्यक्रम

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शंकराचार्य जी की तपस्थली झोतेश्वर कामेश्वर मंदिर में शिव नवरात्रि के उपलक्ष में अनेक ब्राह्मण संत महात्मा द्वारा विविध अनुष्ठान अर्चन शिव महापुराण कथा रामचरितमानस आदि का पाठ किया जा रहा है। ब्रह्मचारी अनिरुद्ध स्वरूप महाराज द्वारा शिवनवरात्र महोत्सव के अंतर्गत प्रतिदिन प्रातरू काल 7 से 12 तक मानस पारायण तथा शिव महापुराण मूल पाठ 3 बजे से महादेव का अभिषेक प्रारंभ । 5 बजे से अनेक ब्राह्मण द्वारा 11000 अक्षत पुष्प तथा पंचमेवा द्वारा महादेव का अर्चन किया जा रहा है इस भव्य और शिव में आयोजन में सभी धर्म प्रेमी से भक्तों से शामिल होकर धर्म लाभ अर्चित करने का आग्रह किया गया है महाशिवरात्रि पर्व पर विशेष आयोजन किए जाएंगे।



# युवा शक्ति ही भावी भारत की निर्माता है



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** जिस धरा में युवाशक्ति को मार्गदर्शन मिलता है। सेवा सत्कर्म करने की निरंतर प्रेरणा मिलती है। जहां तरुणाई को तराशा जाता है। वह देश निरंतर विकास और प्रगति के पथ पर अग्रसर रहता है। साहित्य संस्कृति संस्कार चेतना विकास और राष्ट्रवाद में युवा शक्ति का अहम योगदान होता है। युवा शक्ति ही भावी भारत की निर्माता है उक्ताशय के विचार ओज कवि अशोक त्रिपाठी ने स्वामी विवेकानंद शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय नरसिंहपुर द्वारा ग्राम मगरधा में आयोजित राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर में व्यक्त किये। कालेज गणित संकाय प्रमुख डा गणेश कुमार सोनी ने कहा कि शिविर के माध्यम से छात्राओं को प्रायोगिक ज्ञान मिलता है।हमारे रीति रिवाज संस्कारों और कार्यों से रूबरू होने का अवसर मिलता है।जीवन में आगे बढने और कुछ कर गुजरने के लिये उत्साह उमंग और प्रेरणा मिलती है। शिविर प्रभारी प्रो.श्रीमती रावत एवं प्रो प्रमेश कौरव ने भी अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम के दूसरे दौर में कविवर अशोक त्रिपाठी ने सभी का हास्य व्यंग विनोद से भरपूर मनोरंजन किया वहीं बुजुर्गो की सेवा बेटी बचाओ नशामुक्ति देशभक्ति जैसे राष्ट्रीय बिषयों से ओतप्रोत कविताओं का पाठन कर आयोजन में समां बांधा।प्रो डा गणेश कुमार सोनी ने भी अपना गरिमापूर्ण काव्य पाठ किया। कार्यक्रम में संचालिका शशि पटेल श्रीमती कल्पना साहू श्रीमती रजनी साहू श्रीमती प्रीति कौरव,शिखा वर्मा राशिका चैरसिया नेहा चैधरी सुजीता वर्मा कविता यादव सुहानी यादव सहित बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित थीं। ग्राम मगरधा की छात्राओं सहित आयोजन में अनेक श्रोता गण भी उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना अंतर्गत कुरई में आयोजित हुए सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 346 जोड़े परिणय सूत्र में बंधे

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत विकासखंड कुरई में सामूहिक विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ। सामूहिक विवाह में 346जोड़ों ने परिणय सूत्र में बंधकर दाम्पत्य जीवन में प्रवेश किया। कार्यक्रम में सांसद श्रीमती भारती पारधी, विधायक बरघाट श्री कमल मर्सकोले, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती मालती डेहरिया, जिला पंचायत उपाध्यक्ष राकेश सनोडिया, जनपद अध्यक्ष श्री लोचन सिंह मर्सकोले एवं जनपद उपाध्यक्ष श्री हरदीपसिंह भाटिया सहित अन्य स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं जिला प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी तथा आमजन मौजूद थे। अतिथियों द्वारा नवविवाहितों पर चांवल एवं पुष्प की वर्षा कर उन्हें आशीर्वाद दिया गया एवं खुशहाल दाम्पत्य जीवन की शुभकामनाएं दीं गई। विवाह पश्चात नवदंपतियों में प्रत्येक को 49-49 हजार रुपए का चेक प्रदान किया। सीईओ जनपद कुरई से प्राप्त जानकारी अनुसार सामूहिक विवाह कार्यक्रम में 109 जोड़ों ने हिन्दू रीतिरिवाज, 233 आदिवासी रिवाजो से तथा 05 जोड़े ने बौद्ध रीतिरिवाज से विवाह किया। आर्थिक



रूप से कमजोर परिवारों के सहयोग के लिए संचालित योजना के तहत आयोजित इस समारोह के दौरान वर-वधू और परिजनों में खुशी की लहर रही। परिवारजनों ने बेटी के विवाह पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना से पुत्री का विवाह धूमधाम से सम्पन्न हो गया है। इसके लिए सभी परिवारजनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया है।

### अनियंत्रित होकर पलटी कार,चार घायल

**सिवनी।** जिले के जबलपुर से नागपुर रोड़ पर ग्राम मरझोर के पास एक कार वाहन क्रमांक टीजी 17 ए 1600 अनियंत्रित हो कर पलट गई। दुर्घटना में कार सवार चार लोगो में दो लोगो सामान्य चोट आई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार वाहन सवार तेलंगाना राज्य के कामारेड्डी जिले के निवासी है। यह जबलपुर से हैदराबाद ज रहे थे। एक लॉरी द्वारा कट मारने के कारण कार अनियंत्रित हो कर सडक़ से उतर गई, वाहन बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया वही कार सवार दो लोगो को सामान्य चोट आई जिन्हे 108 की सहायता से जिला अस्पताल उपचार के लिए पहुँचाया गया।

# समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसान पंजीयन 31 मार्च तक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** राज्य शासन के खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के निर्देशानुसार जिले में रबी विपणन वर्ष 2025- 26 में समर्थन मूल्य पर गेहूं खरीदी के लिए किसान पंजीयन का कार्य 31 मार्च 2025 तक किया जायेगा। इसके लिए उत्पादित फसल गेहूं के पंजीयन का कार्य करने के लिए कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले में 67 पंजीयन केन्द्रों का निर्धारण किया गया है। इस सिलसिले में नरसिंहपुर तहसील के अंतर्गत पंजीयन केन्द्र वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था नरसिंहपुर, वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था लोकीपार, सेवा सहकारी संस्था सिंहपुर, वृहत्ता सेवा सहकारी संस्था डांगीढाना, सेवा सहकारी संस्था मुंगवानी- पठापिपरिया, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित नयागांव, सेवा सहकारी समिति बचई- करहैया और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित मुर्गाखेड़ा को पंजीयन स्थल बनाया गया है। करेली तहसील के अंतर्गत पंजीयन केन्द्र सहकारी विपणन संस्था मर्यादित करेली हेतु विपणन सहकारी समिति मर्यादित करेली को पंजीयन स्थल, पंजीयन केन्द्र वृहता सेवा सहकारी संस्था करेली, आदिम जाति सेवा सहकारी संस्था कोदसा, सेवा सहकारी संस्था सुआतला, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित रामपिपरिया, प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित केरपानी- सरसला, वृहता सेवा सहकारी संस्था आमगांवबड़ा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बारहा, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित बघुवार, प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित चांवरपाठा को पंजीयन स्थल और प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति मर्यादित सिमरिया करेली हेतु प्राथमिक सहकारी समिति मर्यादित सिमरिया- करेली को पंजीयन स्थल बनाया गया है। तेंदूखेड़ा,गाडरवारा, सांईखेड़ा, सहित उक्त संस्थाएं गेहूं उपार्जन के लिए शासन द्वारा जारी निर्देशों के अनुरूप किसान पंजीयन का कार्य करेंगी तथा किसानों की सुविधाओं को ध्यान में रखकर आवश्यक व्यवस्थाएं किया जाना सुनिश्चित करेंगी।

# आज से पांचवीं और आठवीं की परीक्षाएं

**तेंदूखेड़ा।** वर्ष 2024–25 का शैक्षणिक सत्र अब समाप्ति की ओर अग्रसर हो चला है। माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा बोर्ड परीक्षाओं के सफल संचालन के लिए टाइम टेबल घोषित कर समय सीमा अवधि में प्रश्न पत्रों और उत्तर पुस्तिकाओं का वितरण सभी केंद्र अध्यक्षों की उपस्थिति में जिला मुख्यालय से कर दिया गया है। आज से कक्षा आठवी एवं पांचवी की वार्षिक परीक्षाएं परीक्षा केंद्रों पर संचालित होने जा रही है ।हमारे प्रतिनिधि को विकासखंड स्त्रोत समन्वयक अधिकारी सुनील श्रीवास्तव ने जानकारी देते हुए बताया है कि विकासखंड में कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षाओं हेतु 35 परीक्षा केंद्र निर्धारित किए गए हैं। इन सभी परीक्षा केंद्रों पर दोपहर 2 बजे से 4 30 बजे तक कक्षा पांचवी एवं आठवीं की बोर्ड परीक्षा संचालित कराई जाएगी सभी जनशिक्षकों को परीक्षा केंद्रों पर सभी छात्र छात्राएं पूर्ण रूप से परीक्षा में सहभागी बनें सभी प्रधान पाठकों और शिक्षकों को भी निर्देशित किया गया है। वहीं परीक्षा में सम्मिलित होने वाले दिव्यांग छात्राओं के लिए एक-एक नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं एवं विशेष दिव्यांग बच्चों को गृह आधारित मूल्यांकन अर्थात घर पर ही प्रश्न पत्रों को हल करने की सुविधा शासन द्वारा प्रदान की गई है। एवं प्रश्न पत्र हल करने के उपरांत केंद्र पर उन उत्तर पुस्तिकाओं को समाहित करने के लिए निर्देशित किया गया है। विकासखंड में कक्षा पांचवी में 2285 एवं आठवीं कक्षा में 2700 छात्र-छात्राएं सम्मिलित होंगे सभी छात्राओं की केंद्रों पर सत प्रतिशत उपस्थित रहे इसके लिए आवश्यक दिशा निर्देश सभी जन शिक्षकों एवं शाला संबंधित शिक्षकों को भेज दिए गए हैं। तेंदूखेड़ा क्षेत्र में छात्र-छात्राओं की संख्या अत्यधिक होने के कारण एक प्राइवेट शैक्षणिक संस्थान सरस्वती शिशु मंदिर को भी इस बार केंद्र बनाया गया है। जिससे छात्राओं को आसानी से सुविधा मुहैया हो सके एवं सभी केंद्रों पर छात्र-छात्राओं के लिए जलपान आदि की व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए बीआरसी द्वारा सभी केंद्र अध्यक्षों को दिशा निर्देशित कर दिया गया है।

# स्वच्छता को लेकर जन जागरूकता रैली नुक्कड़ नाटक



### नर्मदा तट पर दिया स्वच्छता का संदेश

**तेंदूखेड़ा।** विगत दिवस राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई संत मौनी महिला महाविद्यालय द्वारा एक दिवसीय शिविर ग्राम हीरापुर में नर्मदा को स्वच्छ करने के लिए जन जागरूकता अभियान चलाया गया रैली में स्वच्छता जल संरक्षण वृक्षारोपण शिक्षा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ के संदेश दिए गए और वहीं ग्राम के चौराहों पर नुक्कड़ नाटिका के माध्यम से नर्मदा जी को साफ स्वच्छ रखने का संदेश दिया गया इसके पूर्व नर्मदा तट पर गंदगी को विनिष्ट किया गया। राजेश्वरी मंदिर परिसर मे भी स्वच्छता अभियान चलाकर परिसर को साफ स्वच्छ रखने का संदेश दिया ।इस अवसर पर संस्था प्रबंधक डॉ प्रकाश जैन महाविद्यालय प्राचार्य डॉ श्रीमती किरण प्रभा जैन चंद्रभूषण पाठक ग्राम सचिव नीतेश पाठक ने संबोधित करते हुए कहा की सेवा भावना से किए गए कार्यों का प्रतिफल सदैव अच्छा रहता है एक दिवसीय शिविरों का आयोजन होते रहना चाहिए कार्यक्रम का संचालन एवं आभार कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अरुणा जैन ने किया कार्यक्रम में सर्वोदय विद्यालय कार्यक्रम अधिकारी आशुतोष नामदेव का भी सराहनीय सहयोग रहा तथा ग्राम वासियों ने छात्राओं के प्रयासों की सराहना की।

हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
एजेंसी देना है
नरसिंहपुर जिला के अंतर्गत गोटगांव एवं श्रीधाम में हरिभूमि अखबार की एजेंसी देना है इच्छुक व्यक्ति सुरक्षा निधि के साथ संपर्क करें।
हरिभूमि कार्यालय
प्लाट नं. 66/1 इंडस्ट्रियल एरिया,रिछाई जबलपुर (म.प्र)
मोबाइल नंबर
9340637789